संक्षिप्त

'खनन माफिया स्वीकार्य नहीं'

डीग भरतपुर (निस)। जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने और वन संपदा के संरक्षण के लिए मंगलवार को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट उत्सव कौशल और जिला पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश मीना ने संयुक्त रूप से जिले के अतिसंवेदनशील खनन क्षेत्रोंकृ अलीपुर, आदिबद्री और अडावली का औचक निरीक्षण किया। जिला प्रशासन की इस संयुक्त कार्यवाही का उद्देश्य वन क्षेत्रों में अवैध खनन के रास्तों को पूरी तरह अवरुद्ध करना और क्षेत्र में प्रशासनिक उपस्थिति को सुदृढ करना था। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर कौशल ने अडावली वन क्षेत्र में अवैध खनन परिवहन के लिए उपयोग किए जा रहे रास्तों को चिन्हित किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन अवैध रास्तों को जेसीबी की मदद से काटकर वहां गहरी खाइया खुदवाई जाएं, ताकि वाहनों का आवागमन पूरी तरह असंभव हो सके। क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखने के लिए जिला कलेक्टर ने आरएसी की टीम को अडावली क्षेत्र में ही कैम्पिंग करने के निर्देश दिए, ताकि 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जा सके। मौके पर वन भूमि पर अतिक्रमण की संभावनाओं को देखते हुए जिला कलेक्टर ने राजस्व विभाग और वन विभाग के अधिकारियों को श्संयुक्त सर्वेश् करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों विभाग आपसी समन्वय से सीमांकन की कार्यवाही करें और यदि कोई अतिक्रमण पाया जाता है, तो उसे तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। जिला पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश मीना ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आरएसी और वन विभाग के अधिकारियों को खनन प्रभावित क्षेत्रों में नियमित गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध खननकर्ताओं के विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

मोहनलाल अध्यक्ष बने

सांभरझील, (निसं)। बलाई समाज विकास समिति के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से प्रधान कार्यालय पुराना किला में चुनाव अधिकारी मूलचंद बुनकर व उनकी टीम के द्वारा सम्पन्न हुए। चुनाव में अध्यक्ष पद पर मोहन लाल गर्वा, उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप सिंगला, सचिव पद पर पन्नालाल गोठवाल, सह-सचिव पद पर रविप्रकाश चौहान निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचित होने पर अध्यक्ष श्री गर्वा ने उपस्थित सभी समाज बन्धुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। उसके बाद जगदीश सुणियां के घर जाकर उनसे आशीर्वाद लिया एवं सभी को साथ लेकर समाज विकास के कार्य करने का वादा किया। वीर तेजाजी के पौषबडों का भोग निवाई। शिवाजी कॉलोनी गली नम्बर 18 में स्थित वीर तेजाजी महाराज के मंदिर में पौषबडा महोत्सव का आयोजन किया गया। श्रद्धालु गिर्राज सैनी ने बताया कि तेजाजी महाराज के मंदिर में पौषबडा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पौषबडा महोत्सव को लेकर दिन संगीतमय संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमे श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। श्रद्धालु भक्तिमय होकर भगवान के भजनों मे झुम रहे थे। पौषबडा महोत्सव को लेकर फूल मालाओं से वीर तेजाजी महाराज की विशेष श्रंगार से झांकी सजाई गई। शाम को बालाजी के बड़ों का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर छोटूलाल दीया, हीरालाल गुर्जर, कालूराम पारीक, ओमप्रकाश सैनी, कालूराम पारीक, लक्ष्मण सैनी, दीपू सैनी व कैलाश माली सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

सारिका सोनी चयन

निवाई। वनस्थली विद्यापीठ की छात्रा सारिका सोनी का राजस्थान अंडर 15 में चयन हुआ है। छात्रा सारिका दाहिने हाथ की ओपनर बल्लेबाज हैं। क्रिकेट कोच उर्वेश शर्मा ने बताया कि खिलाड़ी छात्रा सारिका सोनी इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओ में शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं। राजस्थान की टीम 2 जनवरी से कोलकाता में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, असम, कर्नाटक के साथ मैच खेलेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यापीठ की कुलपति प्रोफेसर ईना आदित्य शास्त्री एवं अंशुमान शास्त्रीजी ने छात्रा के चयन होने पर छात्रा को बधाई दी है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

अपराधियों पर सख़्ती-आम नागरिकों से संवेदनशीलता : राजीव कुमार शर्मा

जयपुर । पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने मंगलवार को जयपुर ग्रामीण पुलिस लाइन में आयोजित संपर्क सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्थान पुलिस को देश का सर्वश्रेष्ठ बल बनाने के लिए प्रत्येक जवान का समर्पण और आत्म-अनुशासन अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण की दृष्टि से अपराधियों से सख्ती बरती जाए । वहीं आम नागरिकों से संवेदनशीलता का व्यवहार राजस्थान पुलिस की पहचान बने। डीजीपी ने कार्यस्थल की गरिमा बनाए रखने के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और उनके परिवार के कल्याण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

अपने उद्बोधन में डीजीपी शर्मा ने कार्यालयों और थानों की भौतिक स्थिति पर गहरा ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यस्थल को अपने घर की तरह साफ और व्यवस्थित रखें। उन्होंने स्वच्छता को एक दिन का अभियान न मानकर इसे दैनिक आदत बनाने का आ ान किया गया। **मानसिक स्वास्थ्य और आपसी संवाद पर जोर :** पुलिस की नौकरी के तनाव पर चर्चा करते हुए डीजीपी शर्मा ने कहा कि वे अपने सहकर्मियों के प्रति संवेदनशील रहें और यदि कोई साथी तनाव में दिखे, तो उससे खुलकर बात करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी व्यक्तिगत या प्रोफेशनल समस्या के लिए उनके द्वार हमेशा खुले हैं और जवानों को अपनी बात रखने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। **बुजुर्ग माता-पिता की सुनवाई :** संपर्क सभा के दौरान डीजीपी ने केवल पुलिसकर्मियों ही नहीं बल्कि उनके बुजुर्ग माता-पिता की समस्याओं को भी धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस परिवार के बुजुर्गों की चिकित्सा और अन्य समस्याओं का प्राथमिकता से निवारण किया जाए। इसके उपरांत उन्होंने पुलिस लाइन स्थित नवनिर्मित कैफे का निरीक्षण कर वहां की सुविधाओं का जायजा लिया और जवानों के लिए बेहतर खान-पान व वातावरण सुनिश्चित करने की सराहना की। **रेंज आईजी ने बताया कल्याणकारी योजनाओं का खाका** : इसी क्रम में जयपुर रेंज आईजी राघवेंद्र सुहास ने पुलिस बल की समस्याओं के समाधान हेतु उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर सोमवार का पहला आधा भाग पुलिसकर्मियों की जनसुनवाई के लिए तय किया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पिछले 5 हफ्तों में आई 120 समस्याओं में से लगभग 85 का समाधान किया जा चुका है। साथ ही, एसबीआई बैंक के समन्वय से पुलिसकर्मियों को मिलने वाले विशेष लाभ, बच्चों के एडमिशन और बेहतर मेडिकल सुविधाओं के लिए जिलेवार पुलिसकर्मियों को जवाबदेही सौंपी गई है।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने मंगलवार को जयपुर ग्रामीण पुलिस लाइन में आयोजित संपर्क सभा को संबोधित किया।

- राजस्थान पुलिस को देश का सर्वश्रेष्ठ बल बनाने के लिए प्रत्येक जवान का समर्पण और आत्म-अनुशासन अनिवार्य है

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी

दौसा। अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविन्द शर्मा ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी गणतंत्र दिवस समारोह से संबंधित तैयारियों को समय सीमा में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को श्री राजेश पायलट स्टेडियम में पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर कक्ष में मंगलवार को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान करते हुये अतिरिक्त जिला कलक्टर ने यह बात कही। उन्होंने परेड, कार्यक्रम में प्रवेश, बैठक व्यवस्था, शारीरिक व्यायाम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियों का प्रदर्शन सहित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से मनाए जाने के लिए कार्यक्रम प्रबंध, साफ-सफाई, रोशनी एवं रंगोली सजावट करवाने के निर्देश दिए।

सिद्धचक्र महामण्डल विधान की पूर्णाहुति

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान का समापन विश्व शांति महायज्ञ के साथ धूमधाम से किया गया जिसमें सैंकडों श्रद्धालुओं ने हवन कुण्डों में आहुतियां देकर पूजा अर्चना की। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा एवं विमल जौंला ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज एवं मुनि हितेन्द्र सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में विधानाचार्य पण्डित मुकेश शास्त्री विनम्र गुडग़ांव हरियाणा एवं विधानाचार्य पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के निर्देशन में विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा सोधर्म इन्द्र सन्मति कुमार व कमलेश देवी जैन परिवार एवं दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल एवं ईकाई निवाई के साथ विशुद्ध वर्धिनी महिला मण्डल एवं समस्त समाज द्वारा भगवान चंद्रप्रभु एवं भगवान पाश्र्वनाथ जी की महाशांतिधारा की। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आचार्य वर्धमान सागर महाराज के मंत्रोच्चार द्वारा श्रद्धालुओं ने संगीत के साथ नित्य पूजा की। उन्होंने बताया कि विधान के समापन पर विश्व शांति महायज्ञ आयोजित किया गया जिसमें संत निवास नसियां जैन मंदिर में सभी 400 महिलाओं एवं पुरुषों ने महायज्ञ के हवन कुण्डो में आहुतियां दी। इस दौरान नसियां जैन मंदिर पर वातावरण धर्ममय हो गया। विधान के पश्चात भगवान चंद्रप्रभु एवं भगवान पाश्र्वनाथ जी का सामूहिक कलशाभिषेक किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने जयधोष के साथ अभिषेक किया। राकेश संघी ने बताया कि आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामण्डल विधान के समापन समारोह के अवसर पर भगवान पाश्वनाथ जी की रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा नसियां जैन मंदिर से रवाना होकर अहिंसा सर्किल व बड़ा बाजार होते हुए दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर पहुंची जहां विद्वान पंडित के सानिध्य में श्रीजी को गाजे बाजे से मंदिर जी में यथावत विराजमान किया। इस अवसर पर आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर रमेशचन्द गिंदोडी, सुशील आरामशीन, ज्ञानचन्द चंवरिया, जितेन्द्र चंवरिया, नीरज माधोराजपुरा, विष्णु बोहरा, महावीर प्रसाद जैन, मोहित चंवरिया, सुनिल जैन, सुशील जैन, पवन जैन, अमित कटारिया, दिलीप भाणजा, पिंचू संघी, मनीष जैन, लोकेश झिराणा व पारस जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

- विश्व शांति महायज्ञ के साथ हुआ समापन
- आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामण्डल विधान के समापन पर भगवान पाश्वनाथ जी की रथयात्रा निकाली

ढाणी जुगलपुरा कलां के ग्रामीणों में खुशी की लहर

निवाई। ढाणी जुगलपुरा की सम्पूर्ण ठाम पंचायत को नगर पालिका निवाई में शामिल करने पर पूरे क्षेत्र मेंखुशी की लहर है। ठाम पंचायत निवासी विक्रम सिंह गुर्जर ने बताया कि निवाई नगर पालिका के परिसीमन के दौरान नगर पालिका क्षेत्र में जोडक़र वार्डों में गठित कर दिया गया था। लेकिन कुछ समय बाद ठाम पंचायत परिसीमन में ढाणी जुगलपुरा के कुछ मुख्य आबादी क्षेत्र को नवगठित ठाम पंचायत केरोद में जोड़ दिया गया था। इस पर क्षेत्रवासियों ने जिला कलेक्टर कल्पना अठावाल, उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा व अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट को ज्ञापन देकर निवाई नगर पालिका में ही रखने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि पंचायत राज विभाग द्वारा हाल ही में जारी की गई अधिसूचना में ढाणी जुगलपुरा कलां को केरोद पंचायत से हटाकर यथावत नगर पालिका निवाई वार्ड नंबर 37 व 38 में रखा गया है। जिससे ठामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

जिसको लेकर विक्रमसिंह गुर्जर, गिरिराज मीणा, रामप्रसाद परिडवाल, राजेश मीणा, मुकेश जांगिड़, हंसराज मीणा, विजय सिंह, बजरंगलाल जाट, आरिफ कुरैशी, पारस सैनी, कलावती गुर्जर, हंसा देवी, रेणु देवी, राजू मीणा, हरीश मीणा व लखन मीणा सहित कई ठामीणों ने उपखण्ड अधिकारी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के साथ जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

'बिना रजिस्ट्रेशन वाले अस्पतालों पर कार्रवाई होगी'

भरतपुर (निस)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय बायोमेडिकल वेस्ट निस्तरण एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट तथा जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण एवं बायो मेडिकल वेस्ट रूल्स 2016 की अनुपालना के बारे में चर्चा की गई। इसके साथ ही सीएमएचओ को जिले में बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित प्राईवेट अस्पतालों एवं लेबो पर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। बैठक में सीएमएचओ डॉ असित श्रीवास्तव, अरविन्द भारद्वाज, आईएमए के अध्यक्ष डॉ राकेश सोलंकी, जिला आरबीएम अस्पताल से डॉ प्रणव गुप्ता, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर कहा कि जो प्राइवेट अस्पताल एवं प्राइवेट लैब क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन नहीं करवा रहे है उनको नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल एवं लैब से उत्पन्न हुए बायोमेडिकल वेस्ट को नियमानुसार सीटीएफ कनेक्टिविटी के तहत निस्तारण करना ही होगा।

क्या है बायो-मेडिकल वेस्ट : बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट (जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन) का मतलब अस्पतालों, क्लीनिकों और रिसर्च सेंटरों से निकलने वाले संक्रमित और खतरनाक कचरे (जैसे सुई, पट्टियां, खून, शरीर के अंग) को सुरक्षित रूप से इकट्ठा करना, अलग करना, उपचार करना और निपटाना है, ताकि संक्रमण फैलने से रोका जा सके और पर्यावरण की रक्षा हो सके; इसमें रंग-कोडित बैग और डिब्बे (पीला, लाल, नीला, सफेद, काला) इस्तेमाल होते हैं, जो कचरे को उसके प्रकार (संक्रमित, प्लास्टिक, नुकीली चीज़ें) के अनुसार अलग करते हैं, और फिर उन्हें ऑटोक्लेव, भस्मीकरण या माइक्रोवेव जैसी तकनीकों से सुरक्षित बनाते हैं। अस्पताल एवं लैब के लिए आवश्यक है पोल्यूशन कंट्रोल का सर्टिफिकेट : पोल्युशन कंट्रोल बोर्ड के प्रतिनिधि ने बताया कि किसी भी अस्पताल एवं लैब के लिए पोल्युशन कंट्रोल बोर्ड का सर्टिफिकेट आवश्यक है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन के साथ बायोमेडिकल वेस्ट एठीमेंट के साथ साथ 30 बेड के ऊपर हॉस्पिटल के लिए एसटीपी प्लांट की आवश्यकता होती है। सीएमएचओ डॉ. असित श्रीवास्तव ने बताया कि क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन के लिए बायो मेडिकल वेस्ट एठीमेंट, पोल्युशन कंट्रोल बोर्ड का सर्टिफिकेट, फायर एनओसी के साथ साथ स्टाफ के आवश्यक दस्तावेज आवश्यक है।

- जिला बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण कमेटी की बैठक में लिया निर्णय

अधिकारी जनगणना 2027 के कार्य में लापरवाही ना बरतें : कलक्टर

दौसा। जनगणना 2027 की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत तहसीलवार ठाम सूचियों को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को एक दिवसीय कैंप का आयोजन जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार के निर्देशन में जिला कलक्ट्रेट सभागार में किया गया। दिन भर चले इस कैंप में केंद्रीय गृह मंत्रालय से आई चार सदस्यीय टीम के समक्ष ठाम सूचियों को अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि जनगणना 2027 के सभी कार्य अति महत्वपूर्ण है। इसमें संबंधित अधिकारीगण किसी भी प्रकार की कोताही ना बरतें।

केंद्रीय गृह मंत्रालय से आए उप निदेशक डॉ. पुलकेश शर्मा ने बताया कि क्षेत्राधिकार परिवर्तन के संबंध में राज्य सरकार द्वारा प्राप्त सभी अधिसूचनाओं को सम्मिलित करते हुए अद्यितत ठाम सूचियों के अंतिम रूप देने में गांवों की संख्या, राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार हिंदी व अंठोजी में गांवों के नाम, गांवों के क्षेत्रफल, मानचित्र इत्यादि को संबंधित तहसीलदार द्वारा प्रमाणित किया गया। यह भी सुनिश्चित किया गया कि नव सृजित गांवों को संबंधित ग्राम सूची में शामिल कर लिया गया है तथा विलोपित और स्थानांतरित गांवों को संबंधित ग्राम सूची से हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि तहसीलदार द्वारा प्रमाणित सूचियों को संबंधित एसडीएम और एसडीएम व तहसीलदार द्वारा प्रमाणित सूचियों को जिला कलक्टर के द्वारा अंतिम रूप से प्रमाणित किया गया। शर्मा ने बताया कि इन सूचियों में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि नवसृजित गांव छूट ना जाए और जिन गांवों का क्षेत्राधिकार परिवर्तित हुआ है उसे उसी रूप में प्रमाणित किया गया है या नहीं। इसी प्रकार नगर सूचियों में नगर का नाम हिंदी-अंठोजी, वर्तमान क्षेत्रफल एवं वर्तमान वार्ड संख्या को भी संबंधित चार्ज अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया गया। प्रत्येक तहसील से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के संबंध में संपूर्ण कवरेज का प्रमाण पत्र भी संबंधित चार्ज अधिकारी उपखंड अधिकारी के साथ जिला कलक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद शर्मा, उप निदेशक सांख्यिकी विजय शर्मा, गृह मंत्रालय जनगणना कार्य निदेशालय राजस्थान से आए उपनिदेशक डॉ. पुलकेश शर्मा, सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड- लोकेश कुमार मीना, सांख्यिकी अन्वेषक ठोड- ज्योति मीना तहसीलदार, नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

- जनगणना 2027 की पूर्व तैयारियों को लेकर एक दिवसीय कैंप का आयोजन
- गृह मंत्रालय से आई टीम की उपस्थिति में तहसीलवार ग्राम सूचियों को अंतिम रूप दिया गया
- सूचियों में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि नवसृजित गांव छूट ना जाए

मंदिर बाबा भूतनाथ जोहड़ा में हलवा, बड़ो का भोग लगा प्रसादी बांटी

पावटा। क्षेत्र के प्रमुख मंदिर बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम परिसर पावटा में पौष बड़ा का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। पौष मास के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की आवाजाही बनी रही, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर महंत जयराम दास महाराज द्वारा विधि-विधान से विशेष पूजा की गई और भगवान को पौष बड़ा का भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात भोग हलवा-पकोड़ी को प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। आयोजन में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम कमेटी आयोजकों बाबा भूतनाथ जोहडा धाम कमेटी ने बताया कि पौष बड़ा आयोजन का उद्देश्य धर्म के साथ-साथ आपसी भाईचारे, सेवा और दान की भावना को बढावा देना है। इस अवसर पर भजन-कीर्तन और धार्मिक चर्चा भी हुई, जिससे श्रद्धालु आध्यात्मिक भाव से जुड़ते नजर आए। पौष बड़ा के सफल आयोजन पर मंदिर कमेटी रामावतार शर्मा, मामराज भंडारी, कालू सोनी, बंटी शर्मा, महेंद्र प्रजापत, सुनील शर्मा, मीना मित्तल, किशनलाल शंकर हलवाई, संजय पटेल, सुशील गॉड, विकास शर्मा, आकाश शर्मा एवं धर्मेंद्र बटवाल सहित अन्य स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला। श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहना करते हुए ऐसे धार्मिक आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। आयोजन के समापन पर सभी ने बाबा भूतनाथ से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

प्रमुख मंदिर बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम परिसर पावटा में पौष बड़ा का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

- भजन-कीर्तन और धार्मिक चर्चा भी हुई

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य फारूख पुत्र श्री कायम खान, आयु-70 वर्ष, निवासी-778, मौहल्ला महावतों का, लुहारो का खुर्रा, काज़ी का नला, घाटगेट, जयपुर का पुत्र इमरान खान एवं पुत्रवधु नाजमीन एवं पुत्री खुशी नाफरमान हो गये है जिसके कारण मैने अपने पुत्र, पुत्री व पुत्र वधु को उनके परिवार सहित समस्त जायदाद एवं चल व अचल सम्पत्ति से वेदखल कर दिया है यदि कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है ता उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।
दिनांक-30.12.2025 **मोहम्मद अफजल, एडवोकेट** मो. 9928520745

खोया-पाया सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाबा हजरत अली कॉलोनी, वार्ड नंबर 03, चाकसू, जिला जयपुर (राजस्थान) स्थित भूखण्ड संख्या 25, एरिया 100 वर्गगज पट्टे की मूल रसीद कहीं गुम हो गई है, काफी तलाश करने पर भी नहीं मिली है। यदि उक्त दस्तावेज किसी व्यक्ति को मिले तो कृपया नीचे दिए गए संपर्क पर सूचित करें। मोबाइल- 9549995611

कार्यालय नगर निगम, जयपुर
(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)
(राजस्व द्वितीय प्रकोष्ठ)
क्रमांक-एफ-6(1)उपा.राज.-द्वितीय(सा.प्र.)/ननिज/2025/622
सार्वजनिक सूचना दिनांक- 30.12.2025
मूल भूखण्ड संख्या बी-32, जनता कॉलोनी, जयपुर का इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट, जयपुर द्वारा श्री रामदास गुप्ता के नाम से क्षेत्रफल 337.51 वर्गगज भूमि का विक्रय किया गया था। श्रीमती अयोध्या देवी पत्नी श्री रामदास गुप्ता की मृत्यु हो गई। दिनांक 05.12.1989 को श्री रामदास गुप्ता पुत्र श्री रूपनारायण बड़ाया की मृत्यु हो गई। दिनांक 28.05.2018 को श्रीमती राज देवी बड़ाया पत्नी श्री महावीर प्रसाद बड़ाया व दिनांक 17.02.2023 को श्री महावीर प्रसाद बड़ाया पुत्र श्री रामदास गुप्ता की मृत्यु हो गई। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम, जयपुर द्वारा 1. श्रीमती संगीता खण्डेलवाल पत्नी श्री संजय खण्डेलवाल (1/12 प्रतिशत), 2. श्री संजय बड़ाया पुत्र स्व. श्री महावीर प्रसाद (1/12 प्रतिशत) 3. श्रीमती मधु मोदी पत्नी श्री गोविन्द शरण मोदी (1/12 प्रतिशत) 4. श्री ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र स्व. श्री रामदास गुप्ता (1/3 प्रतिशत) 5. श्री योगेन्द्र कुमार बड़ाया पुत्र स्व. श्री रामदास गुप्ता (1/3 प्रतिशत) 6. श्री राजेन्द्र बड़ाया पुत्र पुत्र स्व. श्री महावीर प्रसाद (1/12 प्रतिशत) के पक्ष में क्षेत्रफल 337.51 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व-द्वितीय) में प्रस्तुत करे, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय) नगर निगम, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:9136 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:17.12.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 194/38 (MIG-A), (एरिया 90.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री मोती लाल गुप्ता को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1596 दिनांक 17.03.2005 को जारी किया गया। श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 21.02.2011 को उप पंजीयक चतुर्थ, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा उक्त आवास को दिनांक 04.04.2011 के द्वारा श्री बृजेश वशिष्ठ पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा को विक्रय कर सब रजिस्ट्रार, जयपुर-पंचम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री बृजेश वशिष्ठ द्वारा उक्त आवास को दिनांक 26.09.2014 के द्वारा श्री तेजभान सिंह चौधरी पुत्र श्री अमर सिंह को विक्रय कर उप पंजीयक-चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री तेजभान सिंह चौधरी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 15.07.2019 के द्वारा श्री मोहित गर्ग पुत्र श्री राजू प्रसाद को विक्रय कर उप पंजीयक-चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री मोहित गर्ग पुत्र श्री राजू प्रसाद द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास के रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री मोहित गर्ग पुत्र श्री राजू प्रसाद का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
भवदीय, सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक F-JDA/Zone 11/2025/D-145 **आम सूचना**
आवेदक द्वारा ऑनलाईन क्रमांक 271348 दिनांक 12.12.2025 को निम्नांकित भूखण्ड का नाम ट्रांसफर जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

आवेदक का नाम	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल (व.ग.)	यू.ति.स. / निजी खातेदारी / जयिका का नाम	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
Gajanand kumawat S/o Babu lal Kumawat	श्री सुरेश कुमार पुत्र मुखदेव	248	111.11 SQ YARD	Private	GOKUL RESIDENCY SECTOR /BLOCK	Name Transfer	रजि. विक्रय पत्रों के आधार पर

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी ।

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
अपर सिविल जज एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-4, जयपुर महानगर द्वितीय
श्वाति शर्मा विरूद्ध श्रीमती आशा कुमारी
वाद बाबत सत्र घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा
वाद सं. 143सन् 2024
श्रीमती आशा कुमार पत्नी श्री बिरधीलाल निवासी पाटनी की गली, खाई रोड, नयापुरा, कोटा, राजस्थान ने आपके विरूद्ध वाद बाबत घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 02 माह 01 सन् 2026 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्ष